वीयू– विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण एवं प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून 2026 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता एवं प्रकृति संरक्षण के लिए सार्थक प्रयासों को बढ़ावा देना है, **इंस्पायर्ड बाय नेचर फॉर क्लाइमेट फॉर अवर फ्यूचर** की थीम पर पर्यावरण के प्रति विशेष जन जागरूकता एवम् **क्लाइमेट चेंजिंग एंड एक्शन** जैसे गंभीर विषयों पर सामूहिक प्रयासो की मदद से लोगों को सचेत करने हेतु हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलगुरु ने छात्र–छात्राओं से ऊर्जा संरक्षण की भी अपील की। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर प्रांगण में अमलतास, (कैसिया फिस्टुला) तथा कचनार (बौहिनिया वेरिगेटा), नीम जैसे महत्त्वपूर्ण औषधीय पौधों का रोपण किया गया, कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. लखानी, डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के.महाजन, डॉ. सुनील नायक, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. राखी वैश्य, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. सुदिप्ता घोष, डॉ पूनम शाक्य, डॉ. सोना दुबे, डॉ. रामकिंकर

मिश्रा, डॉ. माधुरी शर्मा, निधि भलावी, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, प्रियंका गौतम, अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा सहित महाविद्यालय के छात्र–छ्त्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे। साथ ही मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस की जागरूकता हेतु किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, पोस्टर प्रतियोगिता में क्रमशः अंकुर पाण्डेय, चेतांशी पिल्लई, कुणाल कटकवार, कृष्णकांत पटेल एवं स्लोगन में आकांक्षा शाक्या, हृदेश पाल, नीलांचल सिंह रावत, रक्षा बिल्लौरे विजयी रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर